# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## TERMINAL EXAMINATION (2022 - 2023)
## SUBJECT: HINDI (II Language)

**Grade: X** **Marks : 60**

**Date: 19 /09/22** **Time : $2^{1/2}$ hours**

---

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 10 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*This paper comprises of two sections – **Section A** and **Section B***

*Attempt **all** the questions from section **A**.*

*Attempt any **three** questions from section **B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any **one** other questions.*

*The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION 'A' (30 Marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics: [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर हिंदी में लगभग **250** शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :-

(i) व्यक्ति की उन्नति में उसके संस्कारों , शिक्षा एवं सामाजिक परिवेश का योगदान होता है , परंतु आज के समाज में लोगों में प्रगति के लिए स्वार्थपरता एवं अनैतिकता का बोलबाला हो गया है । इस मानसिकता के बढ़ने के कारणों तथा वर्तमान परिवेश में बदलाव लाने हेतु सुझाव देते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

(ii) ' सादगी व्यक्ति का आभूषण है ' अनेक महापुरुषों , विचारकों तथा संत महात्माओं का जीवन इस कथन की पुष्टि करता है । जीवन में सादगी एवं उच्च विचारों की महत्ता स्पष्ट करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

(iii) सोशल मीडिया का प्रभाव आज बढ़ता जा रहा है , इसने जीवन की हर अवस्था को प्रभावित किया है , फिर भी इस पर नियंत्रण की आवश्यकता है । अपने विचार लिखिए ।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-

' प्रत्येक चमकने वाली चीज़ सोना नहीं होती '

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए **अथवा**

कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।




**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए : [7]

(i) कोरोना महामारी के दो वर्ष पूर्व भी बहुत सी सावधानियाँ बरतने की आवश्यकता है। अपने छोटे भाई को आज भी महामारी के प्रति सावधान रहने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

(ii) आप पिछले दो दिनों से विद्यालय में ठीक समय पर उपस्थित नहीं हो पा रहे थे। प्रधानाचार्या को विद्यालय में विलंब से पहुँचने का कारण बताते हुए क्षमादान के लिए पत्र लिखिए।

**Question 3**

Answer the following according to the instructions given :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) ' अनुपम ' शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]

(a) अनोखा – अपूर्व

(b) आमोद – मोद

(c) आभूषण – गहने

(d) अशिष्ट – असभ्य

ii) ' उत्थान ' शब्द का विलोम बताइए :- [1]

(a) अनिष्ट

(b) उदय

(c) पतन

(d) अंत

iii) ' सराहनीय ' की भाववाचक संज्ञा बताइए :- [1]

(a) सरलता

(b) सराहना

(c) सहायता

(d) सम्मानता

iv) ' करुणा ' शब्द का विशेषण बताइए :- [1]

(a) कोमल

(b) कमल

(c) करुण

(d) करुणता

v) ' नमश्कार ' का शुद्ध रूप बताइए :- [1]

(a) नमसकार

(b) नमस्ते

(c) नमस्कार

(d) नमषकार

vi) ' उँगली उठाना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(a) मूर्ख बनाना

(b) लांछन लगाना

(c) बुरा भला कहना

(d) पढ़ाई अपमान

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

मुझे विश्वास था कि आप अवश्य आएँगे । ( ' आशा ' शब्द का प्रयोग कीजिए )

(a) मुझे आशा थी की आप अवश्य आएँगे ।

(b) मुझे आशा थी कि आप अवश्य आएँगे ।

(c) मुझे आशा है की आप अवश्य आएँगे ।

(d) मुझे आशा ही नहीं विश्वास है कि आप अवश्य आएँगे ।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

गाय का स्वास्थ्यवर्धक दूध होता है । ( वाक्य शुद्ध कीजिए )

(a) गाय स्वास्थ्यवर्धक दूध पिलाती है ।

(b) स्वास्थ्यवर्धक दूध होता है गाय का ।

(c) गाय का दूध स्वस्थ्यदायक होता है ।

(d) गाय का दूध स्वास्थ्यवर्धक होता है ।

## SECTION 'B' (30 Marks)

*Attempt **Three** questions from this Section.*

### साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

### Question 4

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

" यह एक भेड़िये की कथा नहीं है , यह सब भेड़ियों की कथा है । सब जगह इस प्रकार प्रचार हो गया और भेड़ों को विश्वास हो गया कि भेड़िये से बड़ा उनका कोई हित – चिंतक और हित रक्षक नहीं है " ।

i) 'यह एक भेड़िये की कथा नहीं है, यह सब भेड़ियों की कथा है ।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए । [2]

ii) पंचायत के इस चुनाव में किसकी जीत हुई और क्यों ? [2]

iii) भेड़ियों ने भेड़ों की भलाई के लिए पहला कानून कौन – सा बनाया ? क्या आप इस कानून को सही मानते हैं समझाकर लिखिए । [3]

iv) ' भेड़ें और भेड़िए ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए । [3]

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

" मैं उनकी दुर्बल काया और पीला चेहरा देखकर स्तब्ध रह गया । "

i) लेखक के स्तब्ध रहने का क्या कारण था ? [2]

ii) लेखक के मित्र की पत्नी ने अपनी बीमारी के बारे में क्या बताया ? [2]

iii) प्रस्तुत पंक्ति द्वारा लेखक ने किस समस्या की ओर संकेत किया है ? [3]

iv) बढ़ती जनसंख्या के कारण किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? इन समस्याओं के निदान के लिए हमें क्या करना होगा ? समझाकर लिखिए। [3]

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

मैं पूर्णता की खोज में
दर – दर भटकता ही रहा
प्रत्येक पग पर कुछ - न - कुछ
रोड़ा अटकता ही रहा
पर हो निराशा क्यों मुझे ? जीवन इसी का नाम है।
चलना हमारा काम है।

i) ' मैं पूर्णता की खोज में दर – दर भटकता ही रहा ' से कवि का क्या तात्पर्य है ? [2]

ii) ' जीवन इसी का नाम है ' पंक्ति द्वारा कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [2]

iii) प्रस्तुत कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) जीवन में सुख – दुख और आशा – निराशा के प्रति हमारा क्या दृष्टिकोण होना चाहिए ? अपने दुखों और निराशा के लिए किसको दोष देना उचित नहीं है तथा क्यों ? समझाकर लिखिए। [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

जाके प्रिय न राम वैदेही।
तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जदपि प्रेम सनेही ॥
तज्यो पिता प्रहलाद, विभीषण बंधु, भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यो कंत ब्रज-बनित्नहिं, भए मुद-मंगलकारी॥
नाते नेह राम के मनियत, सुहृद सुसेब्य जहाँ लौं।
अंजन कहा आंखि जेहि फूटै ,बहुतक कहौं कहाँ लौं ॥
तुलसी सो सब भांति परम हित पूज्य प्रानते प्यारे।
जासों होय सनेह राम–पद, एतो मतो हमारो ॥

i) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं ? उन्होंने किसका त्याग करने के लिए कहा है ? [2]

ii) प्रहलाद और विभीषण कौन थे ? उनका उल्लेख कवि ने किस संदर्भ में किया है ? [2]

iii) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का परिचय लिखते हुए बताइए कि ' एतो मतो हमारो ' से कवि का संकेत किस ओर है ?। [3]

iv) शब्दार्थ लिखिए - [3]

i) वैदेही ii) कंत iii) महतारी iv) सब भाँती v) मतो vi) अंजन